बुधवार
15 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



बक्सर में निकला भव्य महावीरी झंडा जुलूस, देर तक करतब दिखाते रहे युवा 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

खबरें फटाफट

मप्र में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

भोपाल। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मध्य प्रदेश चुनावों को लेकर बड़ा एलान किया। उन्होंने मंगलवार को भोपाल में कहा कि आम आदमी पार्टी आगामी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के लोगों के लिए अब आम आदमी पार्टी विकल्प बनेगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस ने 20 साल प्रदेश में राज किया है, लेकिन अब आप जनता के लिए विकल्प बनेगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि आम चुनाव में बीजेपी को बड़ी समस्या होने वाली है।

पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का निधन

नई दिल्ली। वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का मंगलवार सुबह को निधन हो गया। उनके पीए मोहन ने बताया, आज सुबह करीब 9 बजे वह बाथरूम में फिसल गये थे, उसके तुरंत बाद उनको घर के पास स्थित प्रतीक्षा अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। वेद प्रताप वैदिक हिंदी भाषा के जाने माने पत्रकार थे, उन्होंने 78 साल की उमर में अंतिम सांस ली।

प्रधानमंत्री मोदी की हत्या कराना चाहती है कांग्रेस: गिरिराज

नई दिल्ली। बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पार्टी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पीएम मोदी की हत्या कराना चाहती है। पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक का हवाला देते हुए गिरिराज सिंह ने कहा, कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, अडाणी तो सिर्फ बहाना है, मोदी को गाली देना है। कहा अब ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का खात्मा होगा, तभी ये सरकार खत्म होगी।

भारत आ सकते हैं रूस के राष्ट्रपति

नई दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं। हालांकि, अभी इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव से जब इस बारे में पूछा गया कि क्या सितंबर में भारत में शिखर सम्मेलन में पुतिन की भागीदारी पर विचार किया जा रहा है तो उन्होंने कहा कि इससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

एच3एन2 संक्रमण की गिरफ्त में बच्चे सबसे ज्यादा

एजेंसी/पुणे

डॉक्टरों ने बच्चों में H3N2 के संक्रमण में अचानक बढ़ोतरी पर फिक्र जताई है। खासकर 5 साल से कम उम्र के बच्चे इसकी गिरफ्त में अधिक आ रहे हैं। इस वजह से अस्पतालों के आईसीयू में वो अधिक एडमिट हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक मरीजों में से अधिकांश दवा विशेष तौर से एंटीबायोटिक दवाओं को रिस्पॉन्ड नहीं कर रहे हैं। बच्चों में H3N2 वायरस के मामलों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ा दी है।

17% पॉजिटिव मामले: पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से पुणे में लिए गए 2,529 सैंपल में से 428 (लगभग 17%) पॉजिटिव आए हैं। फरवरी के दूसरे पखवाड़े में H3N2 मामलों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई थी।

पुणे के भारती अस्पताल का चाइल्ड मेडिकल आईसीयू भरा: पुणे स्थित भारती अस्पताल का चाइल्ड मेडिकल आईसीयू पिछले 4-6 सप्ताह से भरा हुआ है. इसमें सबसे ज्यादा शैशवावस्था से 5 साल की उम्र के बच्चे हैं। इनमें कुछ को दिल की समस्या और ब्लड प्रेशर में भी दिक्कत रिपोर्ट की गई है। इन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट की जरूरत भी पड़ती है। H3N2 के अलावा एडिनोवायरस के चलते भी बच्चे में आईसीयू में भर्ती हुए हैं।

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इन्फ्लूएंजा वायरस के टाइप अ के सबटाइप H3N2 के बाकी वेरिएंट की तुलना में अधिक मरीज अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। गंभीर सांस की बीमारी वाले मरीजों में 92 प्रतिशत में बुखार, 86 प्रतिशत में खांसी, 27 प्रतिशत में सांस फूलना और 16 प्रतिशत में घरघराहट की शिकायत देखी गई है। गंभीर सांस की समस्या वाले लगभग 10% रोगियों को ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है जबकि 7% को आईसीयू में भर्ती करने की जरूरत पड़ती है।

कई राज्यों में अलर्ट

वायरस के बढ़ते मामले को देखते हुए केंद्र ने राज्यों को एडवाइजरी जारी की थी। कई राज्यों में इसे लेकर अलर्ट और गाइडलाइन जारी की गई है। H3N2 इन्फ्लूएंजा के तेजी से फैलने के बारे में चेतावनी देते हुए पद्म श्री डॉ. रणदीप गुलेरिया ने सोमवार को कहा कि लोगों को फेस मास्क का उपयोग करने और लगातार हाथों को सैनिटाइज करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी को वैक्सीन लगाई जानी चाहिए।

बच्चों में लक्षण: H3N2 संक्रमण वाले बच्चों में सबसे आम लक्षण तेज बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ और निमोनिया हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, ऐसे बच्चों के ठीक होने की अवधि लगभग 7-8 दिन होती है। कुछ मामलों में, जहां बच्चा कुपोषित है या उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, बुखार कम होने में लगभग 10 दिन लग सकते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, संक्रमित बच्चों में 101-104 डिग्री फॉरेनहाइट तक बुखार देखा गया है। 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे इस वायरस की गिरफ्त में आसानी से आ रहे हैं। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट की जरूरत होती है। अधिकांश बच्चे एंटीबायोटिक दवाओं का रिस्पॉन्ड नहीं कर रहे हैं।

गया में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अचानक पलटी, दो की मौत

- मृतकों में एक 28 वर्षीय व दूसरा 22 वर्षीय युवक
- घायल पांच लोगों का मगध अस्पताल में चल रहा इलाज

केटी न्यूज/गया

पंचानपुर-गया एनएच 120 पर सोमवार की देर रात बारात की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर जा पलटी। वाहन के पलटने से घटना स्थल पर 28 वर्षीय सतेंद्र यादव की मौत हो गई। छह लोग घायल हो गए जिनको इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। इस दौरान रास्ते में ही 22 वर्षीय युवक रवि कुमार की मौत हो गई। फिलहाल पांच लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना सोमवार की देर रात गया पंचानपुर रोड पर फतेहपुर पेट्रोल पंप के पास की है।

बताया जा रहा कि मखदुमपुर से दरियापुर बारात जा रही थी तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। घायलों में नेहा कुमारी, रीना देवी, डब्लू कुमारी, विशाल कुमार सहित पांच लोग हैं। घटना की सूचना पर पंचानपुर ओपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। पंचानपुर ओपी के प्रभारी रामराज सिंह ने बताया कि सोमवार की देर रात की घटना है। सभी बारात जा रहे थे तभी अनियंत्रित होकर वाहन के पलटने से दो लोगों की मौत हुई है। सभी घायलों को अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाजरत है।

बिहार में बेखौफ अपराधी: मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाजार समिति के पास की घटना

छपरा में हथियार के बल पर आरजेडी नेता का अपहरण

- सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना, सुबह चार बजे नकाबपोश बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, मचा हड़कंप
- अपहृत नेता की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस की ओर से एसआईटी का गठन कर की जा रही छापेमारी

केटी न्यूज/छपरा

छपरा में मंगलवार की सुबह चार बजे बेखौफ अपराधियों ने हथियार के दम पर राजद नेता सुनील कुमार राय का अपहरण कर लिया। नकाब पहनकर पहुंचे बदमाशों ने इस अपहरण की घटना को अंजाम दिया है। छपरा बाजार समिति के गेट पर उनका मोबाइल क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। एयरफोर्स से सेवानिवृत्त सैनिक रहे हैं। सुनील राय जमीन की खरीद-बिक्री का भी काम करते हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के साढ़ा स्थित उनके आवास से कुछ दूरी पर कार्यालय से अपराधियों ने उनका अपहरण किया। पांच से छह की संख्या में नकाबपोश बदमाश स्कॉर्पियो से पहुंचे हुए थे। सभी बदमाश उन्हें घसीटते-पीटते हुए ले गए और स्कॉर्पियो में बैठाकर अपने साथ ले गए। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही.

स्कॉर्पियो से आरजेडी नेता को उठाया: सुनील कुमार राय मूल रूप से सारण के रहने वाले हैं और उनके घर के आसपास से ही अपराधियों ने किडनैपिंग की घटना को अंजाम दिया है। इसका सीसीटीवी सामने आया है जिसमें देखा जा रहा कि सुनील राय सड़क किनारे अपनी बाइक के पास खड़े हैं। इसी बीच स्कॉर्पियो कार आती है और उसमें से कुछ लोग निकलते हैं। वो लोग उनको किडनैप करके ले जा रहे। फिलहाल पुलिस पूरे

मामले की छानबीन करने की बात कह रही। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर गाड़ी का पता लगाने की कोशिश कर रही। हालांकि फिलहाल पुलिस के हाथ खाली हैं और मामले को लेकर कुछ भी कहने से परहेज कर रही। घटना के बाद चचाओं का बाजार गर्म है। इसके पहले भी कई नेताओं की हत्या की खबरें सामने आ चुकी हैं।

निर्दलीय लड़ा था चुनाव: वहीं सुनील राय के अपहरण मामले में अपहृत की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा एसआईटी का गठन करते हुए छापामारी की जा रही। घटना के परिप्रेक्ष्य में सभी आयामों पर जांच की जा रही है ताकि घटना का उद्भेदन और अपहृत की बरामदगी हो सके। बता दें कि सुनील कुमार राय ने निर्दलीय चुनाव भी लड़ा था। वहीं उनके अपहरण को लेकर बयानबाजी भी शुरू हो गई है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने नीतीश सरकार के प्रशासन और बिहार लॉ एंड ऑर्डर पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में अपराध चरम पर है। सूबे का लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ गया है। अगर कानून व्यवस्था खराब होती तो बिहार की जनता को ही इसका खामियाजा भुगतना होगा। साथ ही कहा कि वो उम्मीद करते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश अपराध की रोकथाम के लिए कोई कदम उठाएंगे।

नालंदा में एक व्यक्ति की निर्मम हत्या, बदमाशों ने पहले मारी दो गोली फिर रेत दिया गला

बिहार के नालंदा में मंगलवार को दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग में बदमाशों ने एक शख्स को मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। मामला सिलाव थाना इलाके के लक्ष्मीपुर गांव का है। बताया जाता है कि बदमाश ने एक व्यक्ति के शरीर में पहले दो गोली मारी, उसके बाद धारदार हथियार से उसका गला रेत कर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों की जब नजर पड़ी तो घटना की जानकारी सिलाव थाना की पुलिस और राजगीर के डीएसपी प्रदीप कुमार को दी गई। घटनास्थल पर पहुंच कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई। मृतक की पहचान लक्ष्मीपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामदेव चौधरी के पुत्र खेलावन चौधरी के रूप में हुई है। खेलावन के पुत्र नीतीश कुमार ने बताया कि सुबह पिता ताड़ के पेड़ पर चढ़ने गए थे। वह जैसे ही नीचे उतरे, उसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिससे उनके शरीर में दो गोली लग गई। दोनों पास आए और गला रेत दिया जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। जैसे ही घटना की जानकारी आसपास के लोगों को मिली, भारी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस: राजगीर डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद वह घटनास्थल पर पहुंचे। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जिसने भी घटना को अंजाम दिया उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीएसपी ने कहा मामला गंभीर है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

जदयू नेता ललन सिंह बोले... क्या वाकई में 2024 का चुनाव सीबीआई और ईडी लड़ेगी

केटी न्यूज/पटना

जेडीयू नेता ललन सिंह ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पर हमला बोला। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के एक पुराने भाषण की कुछ सेकंड की क्लिप जारी की जिसमें पीएम कह रहे कि अगला चुनाव देश में सीबीआई लड़ेगी। इस पर ट्वीट करते हुए ललन सिंह ने लिखा कि ये प्रधानमंत्री का भाषण है। क्या साल 2024 का चुनाव वास्तव में सीबीआई और ईडी लड़ेगी? उन्होंने रोजगार की बात पर भी केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

ललन सिंह ने ट्वीट किया पीएम का पुराना वीडियो: जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ट्वीट करके लिखा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी, आपका भाषण है। क्या 2024 का चुनाव वास्तव में सीबीआई और ईडी लड़ेगी? हो सकता है.. क्योंकि आपकी सरकार ने प्रतिवर्ष दो करोड़ नौजवानों को रोजगार देने के बदले नियुक्ति पर रोक लगाई और महंगाई पर चर्चा न हो इस से ध्यान भटकाने की भरपूर कोशिश हो रही है। देश की जनशक्ति सब देख रही है। साल 2024 में जनता जवाब देगी। देश बीजेपी मुक्त होगा। ललन सिंह ने एक बार फिर देश को बीजेपी से मुक्त करने वाला राग अल्पाया है। साथ ही दो करोड़ नौजवानों के नियुक्ति पर रोक लगाने वाली बात पर हमला बोला।

साल 2024 में विधानसभा चुनाव होने वाला है। इसके लिए सभी पार्टियां तैयार हैं। देश के सभी विपक्षी पार्टी एकजुट होकर बीजेपी को मात देने का प्रयास कर रहे। इधर, बीते दिनों आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्य और करीबियों पर रेड हुई थी। रेड को लेकर भी आरजेडी लगातार केंद्र और बीजेपी पर हमला बोल रही थी। उधर, बीजेपी का कहना रहा कि लालू यादव किसी भी हाल में नहीं बचेंगे। जेडीयू की ओर से भी आरजेडी के समर्थन में केंद्र और बीजेपी पर निशाना साधा गया। ललन सिंह ने इसे पहले भी ट्वीट करते हुए लालू की रेड पर कई बातें कहीं थी।

सरकारी तौर पर होगा कार्यक्रम, प्रमुख सचिव ने सभी मंडलायुक्तों और डीएम को भेजा निर्देश

नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ करवाएगी उप्र सरकार

एजेंसी/लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती और रामनवमी पर अखंड रामायण का पाठ करवाएगी। इस दौरान सरकारी तौर पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रमुख सचिव संस्कृति ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को इस बारे में निर्देश भेजे हैं। इन कार्यक्रमों में महिलाओं और बालिकाओं को विशेष रूप से सहभागिता की जाएगी। योगी सरकार ने जिले के अधिकारियों को 21 मार्च तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि जिले के जिन मंदिरों में ये सरकारी आयोजन होंगे, उनका नाम पता और दूसरी अन्य जानकारी जिला प्रशासन

जुटाएगा और पूरा विवरण लेने के बाद कार्यक्रम करवाए जाएंगे। इसके अलावा, जिला प्रशासन को आयोजन से जुड़ी तस्वीरें और अन्य जानकारी भी फोटो और वीडियो के साथ संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर डालनी होगी।

योगी सरकार हर जिले को मुहैया कराएगी 1-1 लाख रुपये

योगी सरकार इन सांस्कृतिक आयोजनों के लिए हर जिले को एक-एक लाख रुपये मुहैया कराएगी। यूपी के सभी डीएम को देवी मंदिर और शक्ति पीठों में कलाकार चयन और समितियां बनाने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों में कलाकार पेशकश देंगे। इसके लिए जो भी खर्च आएगा, उसका भुगतान सरकार करेगी और इसलिए विभाग ने एक-एक लाख रुपये का प्रावधान किया है। राज्य स्तर पर पूरे मसले पर दो नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने कहा कि जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने जिलों में मंदिरों और शक्तिपीठों का चयन कर लें।

आयोजन के लिए तहसील और जिला स्तर पर कमेटी बनाने का निर्देश : सरकार ने सभी जिलाधिकारियों से कहा है कि वो आयोजनों के लिए तहसील और जिला स्तर पर कमेटी बनाएं। डीएम इस कमेटी के अध्यक्ष होंगे. यूपी के देवी मंदिरों, शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती पाठ, देवी गायक, देवी जागरण, झांकियां अखंड रामायण के पाठ का आयोजन होगा। राज्य के जिला तहसील और ब्लॉक स्तर पर देवी आयोजन समितियां गठित की जाएंगी।

खबरें फटाफट

परीक्षा देने जा रही युवती की सड़क दुर्घटना में मौत

सासाराम। जिले के कोचस थानाक्षेत्र के आरा-मोहनिया पथ पर लहेरी गांव के पास मंगलवार को सड़क दुर्घटना में अपने पति के साथ परीक्षा देने जा रही परीक्षार्थी की मौत हो गई। बताते हैं कि सड़क पर बाइक फिसल गई, जिससे सड़क पर महिला गिर गई और पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि दिनारा थाना क्षेत्र के अकोढ़ा निवासी शशि भूषण सिंह अपनी पत्नी अनुराधा को ले बाइक से परसथुआ के गिरीश नारायण मिश्रा कॉलेज में बीए पार्ट वन की परीक्षा दिलाने जा रहे थे। इस क्रम में लहेरी गांव के पास सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा डाले गए पानी की वजह से बाइक फिसल गई, जिससे पति-पत्नी गिर गए, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने युवती को कुचल दिया।

पंच की हत्या के आरोप में छह पर नामजद प्राथमिकी

आरा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुसहुला गांव निवासी पंच बृजभार साह की हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई। मृतक के भाई उदेश साह ने पर छह लोगों के खिलाफ केस कराया। दिए गए आवेदन के अनुसार उन्होंने पंच की दूसरी पत्नी देवांती देवी, उसके बेटे धीरज कुमार, सूरज कुमार, गांव के ही सुरेश के बेटे सूरज कुमार, रामायण साह और गोठला गांव निवासी महेश कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है। उसके अलावा अन्य अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा पंच बेटे सूरज कुमार सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

नवजात शिशुओं को एच3एन2 वायरस से बचाने में मां का दूध सर्वोतम

- बच्चों एवं उम्रदराज लोगों को है अधिक सावधान रहने की जरुरत
- बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए जरूरी है उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकास करना

केटी न्यूज/भभुआ

भभुआ जिला सहित पूरे राज्य में एच3एन2 वायरस के संभावित संक्रमण प्रसार से निपटने के लिए तैयारी चल रही है। ऐसे में बच्चों का पूरा ख्याल रखना बेहद जरूरी है। नवजात अपनी हर जरुरत के लिए अपनी माता पर निर्भर रहता है और ऐसे में संक्रमण से नवजात को बचाने की जिम्मेदारी खास कर माँ की होती है। इस समय नवजात एवं बच्चों का खास खयाल रखना जरूरी है। बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए जरूरी है कि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जाए और शिशुओं के लिए स्तनपान इसका सबसे सुगम और सुरक्षित साधन है। नवजात बच्चों के लिए तो मां का दूध सुरक्षा कवच और किसी अमृत से कम नहीं है।

बच्चों एवं बुजुर्गो के लिए खतरनाक है वायरस: एच3एन2 वायरस का बच्चों और अधिक उम्र के लोगों में संक्रमण का खतरा सबसे अधिक है। यह माना जा रहा है कि मजबूत प्रतिरोधक क्षमता वाले बच्चे अथवा कोई भी व्यक्ति संक्रमण से सुरक्षित रह सकते हैं। ऐसे व्यक्ति अथवा बच्चे ज्यादा तेजी से संक्रमण को मात देकर स्वस्थ हो सकते हैं। इसका बड़ा कारण बच्चों को मां के दूध से मिलने वाला पोषण है, जो उनके प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। चिकित्सकों के अनुसार मां के दूध में फैट, शुगर, पानी और प्रोटीन की सही मात्रा होती है, जो शिशु की सेहत के लिए बेहद जरूरी है। वहीं, उम्रदराज व्यक्ति सावधानी बरतकर और अपने दिनचर्या को संयमित कर संक्रमण से सुरक्षित रह सकते हैं।

मां के दूध में प्रचुर मात्रा में एंटीबॉडीज : अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरके चौधरी ने बताया कि संक्रमण से नवजातों के बचाव के लिए मां का दूध काफी सहायक सिद्ध हो सकता है। मां के दूध में वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने के लिए प्रचुर मात्रा में एंटीबॉडीज होती है। यह एंटीबॉडीज वायरस या बैक्टीरिया को नाक, गले और आंतों में घुसने नहीं देता। मां के दूध में मौजूद मेक्रोफेज, लाइसोजाइम के साथ ही कॉम्पलिमेंट मौजूद होते हैं। इन सभी गुणों के कारण मां का दूध शिशु का प्रथम टीकाकरण भी माना जाता है। इसलिए जरूरी है कि माताएं अपने शिशु को कम से कम छह माह तक अपना दूध पिलाएं।

मां के दूध से मजबूत होती है रोग प्रतिरोधक क्षमता : मां का दूध बच्चों के शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान निभाता है। इससे बच्चे की इम्यूनिटी भी मजबूत होती है, जो बड़े होने तक उसका साथ निभाती है। बच्चे के पैदा होने के बाद कोलोस्ट्रम, जो मां का पहला दूध ब्रेस्ट में बनता है। वहीं दूध बच्चे को डायरिया, चेस्ट इन्फेक्शन और दूसरे रोगों से बचाता है। मां के दूध में फैटी एसिड मौजूद होता है, जो बच्चे के ब्रेन डेवलपमेंट में भी मददगार साबित होता है।

कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव की घटना, आरोपितों की धरपकड़ में जुटी पुलिस

भोजपुर में दो कट्ठा जमीन को लेकर हुए विवाद में चचेरे भाई की पीटकर हत्या

- पुश्तैनी जमीन पर मकान बनाने के विवाद में चचेरे भाइयों ने लाठी-डंडों व रॉड से पीटकर ले ली जान

केटी न्यूज/आरा

जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी गांव में सोमवार की रात महज दो कट्ठा जमीन के विवाद में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। मकान बनाने को लेकर उपजे विवाद में चचेरे भाइयों द्वारा लाठी-डंडों और रॉड से पीट-पीटकर उसकी जान ले ली गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक सकड्डी गांव निवासी चंद्रमा राय का 32 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार राय था। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। दीपक के बड़े भाई वीरेंद्र राय ने बताया कि उनके बड़े चाचा राम ईश्वर राय ने उसके पिता को 2003 में दो कट्ठा जमीन दी थी। उस जमीन पर अभी वे लोग खेती किया करते थे। सोमवार की दोपहर उन लोगों द्वारा उसी जमीन पर मकान बनाने का काम लगाया गया था। तभी उसके बड़े पापा के लड़के आ धमके और कहने लगे कि मकान बनाने से रोक दिया गया। कहने लगे कि वह जमीन उनकी है। उनके पिता द्वारा जमीन रजिस्ट्री नहीं की गयी है। उसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई थी। उसके बाद घटना को अंजाम दिया गया। इधर, पुलिस मामले की छानबीन और आरोपितों की धरपकड़ में जुटी है।

शादी से लौटने के दौरान की गयी दीपक की हत्या

वीरेंद्र राय ने बताया कि दिन में झगड़ा होने के बाद बात खत्म हो गई थी। उसके बाद रात में भाई दीपक गांव में ही एक में गया था। देर रात वह घर लौटा और दालान में सोने चला गया। तभी पहले से घात लगाए अर्जुन, विकास, लड्डू और मंतोष सहित अन्य लोगों द्वारा रॉड और लाठी-डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी गयी। उसमें लहूलुहान और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जमीन की खातिर बच्चों से छिन गया पिता का प्यार

सात भाइयों में छठे स्थान पर था दीपक, पत्नी और बच्चे बेहाल अपने परिवार के लिए आशियाना बनाने की चाहत में दीपक के घर की खुशियां छीन गयी। हत्या के बाद जहां उसकी पत्नी का सुहाग उजड़ गया, वहीं दो बच्चों से पिता का प्यार छीन गया। घर में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि दीपक अपने सात भाइयों में छठे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी बेबी देवी, पुत्र ईशान और पुत्री माही है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। घटना के बाद पत्नी बेबी देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

डुमरा पुल के पास बाइक की ठोकर से साइकिल सवार स्नातक के छात्र की मौत

आरा। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा पुल के समीप मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक साइकिल से का रहे छात्र को रौंद दिया। उसमें गंभीर रूप से जख्मी छात्र की इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गयी। मृत छात्र मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरा जयपाल गांव निवासी चरण सिंह का बेटा करण कुमार सिंह था। वह स्नातक पार्ट वन का छात्र था। उसके चचेरे भाई सन्नी कुमार सिंह ने बताया कि रोज की तरह मंगलवार की सुबह वह साइकिल से ट्यूशन पढ़ने आ गया था। वहां से वह अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान शोभी डुमरा स्थित पुल के समीप सामने से आ रहे बाइक सवार द्वारा उसे जोरदार ठोकर मार दी गयी। उससे वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि छात्र अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां मीनू देवी और छोटा भाई विशाल कुमार है। घटना के बाद उसके घर में रोना-धोना मच गया है। मां मीनू देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम पर करें कार्रवाई: डीएम

स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रगति की हुई समीक्षा

केटी न्यूज/जहनाबाद

- डीएम ने सिविल सर्जन को काको सीएचसी के एमओआईसी से स्पष्टिकारण मांगने का दिया निर्देश
- कहा- अवैध नर्सिंग होम के कारण भी सरकारी संस्थाओं में प्रसवों की संख्या अत्यंत कम

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा संबंधित पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों के साथ बैठक कर आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में एएनसी निबंधन, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान, संस्थागत प्रसव तथा पूर्ण प्रतिरक्षण में जिला जहानाबाद का लक्ष्य के विरूद्ध बहुत ही कम उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधीक्षक एवं एमओआईसी के द्वारा कार्यक्रम की समीक्षा नहीं किये जाने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

डीएम ने सिविल सर्जन को निदेश दिया कि अधीक्षक तथा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गुणवत्तापूर्ण सेवाॅए सुनिश्चित करने के लिए त्वरीत कार्रवाई करेंगे। जिले के विभिन्न प्रखंडों में चल रहे अवैध नर्सिंग होम के कारण भी सरकारी संस्थाओं में प्रसवों की संख्या अत्यंत ही कम रहने के कारण खेद व्यक्त किया तथा सिविल सर्जन को निदेश दिया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, काको से स्पष्टीकरण करते हुए जबाव मांगा जाए कि सभी सुविधायें मौजूद होने के बावजूद भी स्वास्थ्य संस्थान में मात्र 3 से 4 प्रसव नित्य हो रहे हैं। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निदेश दिया कि अपने-अपने प्रखंडों में चल रहे अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाई करें। कहा कि आप सभी के द्वारा कार्यक्रम का अनुश्रवण नहीं करने एवं कार्य के प्रति जागरूक नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य सुविधा का लाभ आमजन नहीं ले पा रहे है। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति जागरूक होकर उसका गहण अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें।

पिछले समीक्षात्मक बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जननी एवं बाल सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों के प्रोत्साहन राशि लम्बित रखे जाने पर सभी लेखापालों के मानदेय भुगतान स्थगित किया गया था। जिसके मद्देनजर इस समीक्षात्मक बैठक में स्थिति संतोषजनक पाये जाने पर ही जिलाधिकारी द्वारा मानदेय भुगतान पर लगी रोक को इस शर्त के साथ कि वे माह मार्च 23 तक वर्तमान स्थिति में और सुधार लाते हुए सभी लम्बित भुगतान को समाप्त कर देगें, तो वेतन का भुगतान किया जाएगा।

बिहार विधान परिषद सदस्य के चुनाव के लिए 31 को मतदान

केटी न्यूज/जहानाबाद

बिहार विधान परिषद के 02-गया स्नातक एवं 02-गया शिक्षक क्षेत्र निर्वाचन, 2023 का मतदान 31 मार्च को पूर्वाह्न 08:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक सम्पन्न किया जाएगा। जिसके बाद मतगणना 05 अप्रैल को सम्पन्न होगी। बिहार विधान परिषद् के 02-गया स्नातक एवं 02-गया शिक्षक क्षेत्र निर्वाचन, 2023 के अवसर पर जहानाबाद जिला अंतर्गत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 08 (आठ) तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 09 (नौ) मतदान केन्द्र बनाए गये है। बिहार विधान परिषद् के 02-गया स्नातक एवं 02-गया शिक्षक क्षेत्र के अवसर पर मतदान केन्द्रों के लिए अलग-अलग बज्रगृह तथा मतगणना केन्द्र जिला मुख्यालय स्थित गया कॉलेज, गया में बनाया गया है। जहां मतगणना प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। आयुक्त मगध प्रमंडल गया द्वारा निर्देशित है कि 02 गया स्नातक निर्वाचन, 2023 की मतगणना की सम्पूर्ण जवाबदेही जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, रोहतास तथा उनकी टीम की होगी। जबकि 02 गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, 2023 की मतगणना की सम्पूर्ण जवाबदेही जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद तथा उनकी टीम की होगी।

पढ़ाई के साथ रचनात्मक गतिविधियों में शामिल हों बच्चे : डीएम

केटी न्यूज/जहनाबाद

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने मिशन निपुण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय टीएनएम मेला का निरीक्षण कर बच्चों द्वारा की गई गतिविधियों का जायजा लिया। साथ ही, कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। जिलाधिकारी ने बच्चों को इसी प्रकार आगे भी प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की। ताकि रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों का विकास हो और वे इन गतिविधियों के माध्यम से अपना जीवन स्तर में सुधार लाएं। साथ ही, कुछ नया करने के लिए आगे बढे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी रौशन आरा ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार कार्यक्रम के तहत विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता वर्ग 06 से 08 एवं वर्ग 09 से 12 तक के सरकारी विद्यालयों के बच्चों के बीच स्थानीय गांधी स्मारक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। टीएलएम मेला -सह- विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया है। टीएलएम प्रदर्शनी में दस शिक्षकों का चयन किया गया। जिसमें सबिता कुमारी, प्रखंड हुलासगंज सहित वीणा कुमारी, पिंकी कुमारी, श्री वंशीधर कुमार, कुंदन कुमार, अभिषेक कुमार, कविता कुमारी, पूनम कुमारी, सुलोचना कुमारी, मो. शमीम अहमद शामिल है। विज्ञान प्रदर्शनी वर्ग 06 से 08 में रानी कुमारी को प्रथम स्थान, राधा कुमारी को द्वितीय स्थान, रितु कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। वर्ग 09 से 12 में आकाश कुमार को प्रथम स्थान, प्रिया कुमारी को द्वितीय स्थान तथा नीतीश कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। क्विज में वर्ग 06 से 08 के बच्चों में गुलशन कुमार को प्रथम स्थान, सौरभ कुमार को द्वितीय स्थान तथा कुमार गौरव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

एक नजर

एसएनएस कॉलेज में अभाविप की नई इकाई गठित

जहानाबाद। सत्येंद्र नारायण सिन्हा कॉलेज में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का पुनर्गठन किया गया। जिसमें कॉलेज अध्यक्ष विक्की कुमार एवं कॉलेज मंत्री अभिजीत पाठक को बनाया गया। वहीं, कॉलेज उपाध्यक्ष ऋषि कुमार बनाए गए। साथ ही साथ एसएफडी प्रमुख बलजीत कुमार, एसएफएस प्रमुख प्रिंस कुमार, खेलकूद प्रमुख सूरज राज एवं कॉलेज सहमंत्री लक्की शर्मा, शिवम कुमार, मनीष कुमार, रजनीश कुमार, सुमन कुमार को बनाया गया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरजीत कुमार ने पुरानी इकाई को भंग करते हुए नई कॉलेज ईकाई की घोषणा की। कार्यक्रम में मौजूद जिला संयोजक गोपाल शर्मा, नगर अध्यक्ष प्रो पंकज कुमार सिंह, नगर मंत्री शूभांकर शर्मा, जिला एसएफएस संयोजक पिंकू कुमार सिंह, नगर सहमंत्री राहुल नारायण इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

जहानाबाद। भारतीय जनता पार्टी ज़िला कार्यालय, सिकरिया में नव निर्वाचित ज़िलाध्यक्ष अजय देव कुशवाहा का भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनने पर

निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय देव कुशवाहा ने कार्यालय में पूजा करके के बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपना पदभार ग्रहण किया। उसके उपरांत सभी कार्यकताओं ने उनको माला पहनाकर सम्मान सह बधाई दी। निवर्तमान ज़िलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि अजय देव कुशवाहा के नेतृत्व में जहानाबाद भाजपा एक नई ऊंचाई को प्राप्त करें यही कमाना करते है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अजय देव कुशवाहा ने कहा कि हम भाजपा का नारा सबका साथ, सबका बिकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास को लेकर चलने का काम करेंगे और जितना हो सकेगा अपने कर्तव्यों पर खड़ा उतरने का प्रयास करेंगे। इस दौरान बधाई देने वालों में निवर्तमान ज़िलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, नगर अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष सुधीर शर्मा, ज़िला आईटी सेल सह संयोजक दीपक कुमार चन्द्रवंशी, युवा मोर्चा महामंत्री रवि शेखर जी, धीरज जी उपस्थित रहे।

जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हेल्थ मेले का आयोजन, टीबी के मरीजों व लक्षण वाले लोगों की हुई जांच

एचडब्ल्यूसी में कार्यरत सीएचओ के जिम्मे होगी टीबी मरीजों की देखरेख की जिम्मेदारी

- प्रखंड स्तर पर निक्षय मित्रों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेने की मुहिम को भी बल दिया गया

केटी न्यूज/बक्सर

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मंगलवार को जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पर मंगलवार को हेल्थ मेले का आयोजन किया गया। इसमें टीबी के पॉजिटिव मरीजों और लक्षण वाले मरीजों की जांच के साथ उनके उपचार की भी जानकारी ली गई। वहीं, प्रखंड स्तर पर निक्षय मित्रों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेने की मुहिम को भी बल दिया गया। टीबी उन्मूलन के प्रयासों में अब आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की महत्वपूर्ण भूमिका निर्धारित की गई है। स्वास्थ्य उपकेंद्र व एचडब्ल्यूसी में कार्यरत कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) को क्षेत्र में टीबी उन्मूलन के लिए संचालित गतिविधियों के संचालन, जागरूकता अभियान के संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। ताकि इस अभियान को ज्यादा प्रभावी व कारगर बनाया जा सके।

टीबी मरीजों की जांच और इलाज के साथ की जाएगी निगरानी, मिलेगी बेहतर सुविधा

सिविल सर्जन सह प्रभारी सीडीओ डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि जिले में टीबी रोग को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग हर संभव कार्य कर रहा है। इस क्रम में पंचायत स्तर पर टीबी मरीजों की जांच और इलाज के साथ निगरानी की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के सीएचओ की होगी। इसके लिए संबंधित क्षेत्र में बीते पांच साल में जो टीबी के मरीज मिले हैं। उनकी सूची सभी सीएचओ को उपलब्ध कराई जा चुकी है। ताकि इन मरीजों का समुचित ध्यान रखा जा सके। वहीं जिला टीबी समन्वयक अविनाश कुमार ने कहा कि जिले के सभी सीएचओ व एसटीएस के माध्यम से टीबी उन्मूलन को लेकर अपेक्षित गतिविधियों का संचालन एचडब्ल्यूसी के स्तर पर संचालित किया जा रहे हैं। जांच में टीबी संक्रमित पाए गए मरीजों का गृह भ्रमण करते हुए उनके सेहत की समुचित निगरानी रखने, संक्रमित मरीज के परिवार के तमाम सदस्यों का टीबी प्रीवेंटिव थेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराने का दायित्व सीएचओ को सौंपी गयी है।

...ताकि परिवार के किसी अन्य सदस्य को टीबी संक्रमण की चपेट में आने से बचाया जा सके

जिला यक्ष्मा केंद्र के एसटीएलएस कुमार गौरव ने बताया कि टीबी उन्मूलन के प्रयासों की पहुंच दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों तक सुलभ कराने के उद्देश्य से जिले में टीबी मुक्त भारत एबी एचडब्ल्यूसी अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत 14 मार्च को एचडब्ल्यूसी पर हेल्थ मेला टीबी रोग के मरीजों के लिए लगाया गया है। इसमें सेंटर प्रभारी सीएचओ द्वारा टीबी पॉजिटिव मरीजों की जांच, उनके इलाज आदि को ऐप पर पढ़ने की जानकारी ली गई है। पिछले पांच साल टीबी के जिन मरीजों का उपचार हुआ है, उनकी निगरानी भी की जा रही है। सीएचसी प्रभारी डॉ. नलिंद असवाल का कहना है कि देश में टीबी को जड़ से खत्म करना है। इसके लिए टीबी की जांच का अभियान चल रहा है। आगामी दिनों में जिले में वृहद पैमाने पर टीबी मरीजों की खोज के लिए अभियान चलाया जायेगा। ताकि परिवार के किसी अन्य सदस्य को टीबी संक्रमण की चपेट में आने से बचाया जा सके।

बक्सर में निकला भव्य महावीरी झंडा जुलूस, देर तक करतब दिखाते रहे युवा

केटी न्यूज/बक्सर

मंगलवार को बक्सर में भव्य महावीरी झंडा जुलूस निकाला गया। विभिन्न अखाड़ो से निकला यह जुलूस शहर के सभी प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करते हुए देर रात समापन स्थल पर पहुंचा। इसके पहले जुलूस में शामिल सैकड़ो उत्साही युवा लाठी, डंडे, तलवार आदि परंपरागत हथियारों पर करतब दिखा रहे थे। यह जुलूस नगर के ठठेरी बाजार, हनुमान फाटक, यमुना चौक, मुनीम चौक, श्रीचंद्र मंदिर समेत अन्य जगहों से निकाला गया था। जुलूस के आगे आगे वीर हनुमान की बड़ी प्रतिमा रखी गई थी। जुलूस में शामिल हजारों श्रद्धालु जय श्रीराम व जय हनुमान के नारे लगा रहे थे। बता दें कि विभिन्न बक्सर के विभिन्न अखाड़ो द्वारा यह जुलूस होली के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार को निकाला जाता है। जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विभिन्न नुक्कड़ो पर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किए गए थे। इसके अलावे मेडिकल टीम भी एंबुलेंस के साथ तैनात थी। जुलूस में विभिन्न प्रकार की झांकियां निकाली गयी थी, जो आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान एक झांकी में श्रीराम भक्त हनुमान सीताराम-सीताराम करते नजर आए। वहीं दूसरी झांकी में महावीर के दोनों कंधों पर भगवान श्रीराम और लक्ष्मण विराजमान नजर आये। इसी प्रकार अन्य झांकियां भी कुछ न कुछ बयां करती नजर आयी। जुलूस को संपन्न कराने में समिति के अध्यक्ष डॉ पारसनाथ मणि, रामाधार ठाकुर, विश्वनाथ सिंह, अरविंद मिश्र, मनोज ओझा, शुभम कुमार, सौरभ कुमार, अखिलेश लाल, विश्राम यादव, अयोध्या सिंह, सत्यनारायण ठाकुर समेत हजारों लोग उपस्थित थे।

खबरें फटाफट

सब्जी विक्रेता की पिटाई कर छीन लिये रुपए

डुमरांव। नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पेपर मील के समीप रास्ते मे घेरकर एक सब्जी विक्रेता की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में जख्मी ने ओपी थाने में आवेदन देकर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। जख्मी नया भोजपुर का रहने वाला रामाकांत पांडेय का पुत्र विश्वजीत पांडेय बताया जाता है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह साइकिल से सब्जी बेचकर घर लौट रहा था। इसी दौरान पेपर मील के समीप गांव के ही मंटू यादव, युवराज यादव, पूर्णमासी यादव एवं संदीप यादव ने घेरकर मेरी पिटाई कर की, इस दौरान मेरे पॉकेट से 11 हजार रुपये निकाल लिया और मुझे जमीन पर पटक दिया। शोरगुल सुनकर कुछ राहगीर और ग्रामीण वहां पहुंचे, लोगों को देख आरोपी फरार हो गये। ओपी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि इस मामले में पुलिस जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

मुजफ्फरपुर से बरामद फरार युवती

डुमरांव। बारात आने से पहले ही फरार युवती को पुलिस ने मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना स्थित स्थानीय गांव से बरामद करने में सफलता पायी है। मामला डुमरांव थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव का बताया जाता है। पुलिस की टीम बरामद युवती से पूछताछ कर न्यायालय के समक्ष बयान दर्ज कराया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि युवती की बारात 28 फरवरी को आने वाली थी. परिजन बारात की स्वागत-सत्कार की तैयारी में जुटे थे। इसी दौरान वह मौका पाकर अपने घर से डेढ़ लाख के गहने और 30 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गयी। इसकी जानकारी परिजनों को मिली तो घर मे अफरा-तफरी मच गई। काफी खोजबीन के बाद भी जब युवती का कोई सुराग नही मिला तो परिजनों ने थाने में मामला दर्ज कराया।

राजपुर थाना क्षेत्र के हेठुआ गांव की घटना, परिजनों ने नहीं दर्ज कराया है एफआईआर

बारात में हुई हर्ष फायरिंग में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत, पसरा मातम

♦ इलाज के लिए बनारस ले जाने के दौरान गहमर के पास किशोर ने दम तोड़ा

केटी न्यूज/राजपुर

रविवार की देर रात राजपुर थाना क्षेत्र के हेठुआ गांव में भोजपुरी चर्चित गायक बृजेश सिंह के तिलक समारोह तथा उनकी बहन की बरात के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में घायल किशोर अमरजी नोनिया उम्र 17 वर्ष की इलाज के दौरान बनारस में मौत हो गई है। मंगलवार को उसका शव पैतृक गांव पहुंचते ही परिजनों के क्रंदन चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। करीब तीन चार घंटे तक परिजन शव से लिपट रोते विलखते रहे। इस दौरान वहा मौजूद स्थानीय पुलिस किसी तरह उन्हें समझा बुझाकर शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हालांकि मंगलवार को भी परिजनों द्वारा इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है। वैसे स्थानीय पुलिस अपने स्तर से इसकी जांच कर रही है। थानाध्यक्ष युसुफ अंसारी ने कहा कि परिजनों द्वारा लिखित शिकायत नहीं की जा रही है। वैसे सारा घटनाक्रम पुलिस के नजर में है। उन्होंने कहा कि नाच पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग करने वाले का पता लगाया जा रहा है। उसकी पहचान कर जल्दी ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वही इस घटना के बाद परिजन गहरे सदमे व आक्रोश में है।

समय पर इलाज के अभाव में गई जान: मृतक के भाई राजेन्द्र नोनिया ने बताया कि गोली लगने के कारण उसके शरीर से अधिक खून गिर गया था। स्थानीय एक निजी अस्पताल में उसका इलाज कराया जा रहा था। लेकिन खून अधिक गिरने का हवाला दे परिजनों ने उसे अन्यत्र रेफर कर दिया था। परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे लेकर बनारस जा रहे थे। लेकिन गहमर के पास जाते जाते उसकी मौत हो गई।

समारोह में शरीक हुए थे कई नामी कलाकार: इधर भोजपुरी गायक ब्रजेश सिंह के तिलक समारोह में भोजपुरी सितारों का जमघट लगा था। कार्यक्रम में भोजपुरी गायिका शिल्पी राज, रितेश पांडेय, आर्यन बाबू जैसे कलाकार भी पहुंचे हुए थे। देर रात तक महफिल जमी हुई थी। इस दौरान हर्ष फायरिंग भी हो रहा था। इसी दौरान एक गोली मृतक अमरजीत को लग गई थी। गोली लगते ही वहा भगदड़ मच गई थी। कलाकार रात में ही वहां से भाग खड़े हुए थे।

शगल बन गया है पार्टियों में हर्ष फायरिंग: शादी विवाह जैसे मौकों खासकर नाच के दौरान हर्ष फायरिंग शगल बन गया है। हालांकि प्रशासन द्वारा शादी विवाह जैसे मौकों पर हथियार चमकाने और हर्ष फायरिंग पर रोक लगाई गई है। पूर्व में हर्ष फायरिंग के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई लोगों की मौत हो चुकी है। बावजूद हर्ष फायरिंग से बाज नहीं आ रहे है। पुलिस भी ऐसे अवसरों पर चुप्पी साध ले रही है।

बक्सर नया बाजार के पोस्ट ऑफिस से दो लाख रु. गायब

बक्सर। बक्सर के नया बाजार स्थित पोस्टऑफिस से दो लाख रूपए की चोरी रहस्यमय तरीके से हो गई है। इस मामले में अभिकर्ता सुनील कुमार गुप्ता ने नगर थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में सुनील ने बताया है कि वह पुष्पा कुमारी नामक उपभोक्ता के दो लाख रूपए की निकासी करवाए थे। यह पैसा गलती से एक पालिथिन बैग में रख काउंटर पर ही छोड़ खाना खाने घर चले गए थे। लेकिन घर से खाना खाकर आने के बाद पैसों से भरा थैला गायब हो गया था। जबकि इस दौरान पोस्टआफिस में जीडीएस हेमराज, एसपीएम मनीष कुमार, अभिकर्ता राकेश कुमार आफिस में बैठ अपना काम निपटा रहे थे। उन्होंने बताया कि घर से आने के बाद जब पैसा वहा नहीं था तो तीनों कर्मियों को इसकी जानकारी दी। तीनों के साथ घंटो कार्यालय का कोना-कोना खोजा गया। लेकिन पैसा नहीं मिला। तबजाकर नगर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

एक नजर

डीईओ के आश्वासन पर टूटा शिक्षकों को अनिश्चितकालीन अनशन

बक्सर। एरियार भुगतान समेत तीन सूत्री मांगों के समर्थन में कवलद पोखर पर आमरण अनशन कर रहे शिक्षकों को अनशन मंगलवार को डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी के आश्वासन पर टूटा। चौथे दिन अनशन स्थल पर पहुंचे डीईओ ने हड़ताली शिक्षकों के सभी मांगों को तत्काल पूरा करने का न सिर्फ आश्वासन दिया बल्कि लगे हाथ डीपीओ को पत्र जारी कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से समाधान करने को कहा। इसके पहले दोपहर में स्थापना डीपीओ सारिक अहमद के साथ हुई वार्ता बेनतीजा समाप्त हो गई थी। लेकिन डीईओ ने शिक्षक नेता मुक्तेश्वर प्रसाद को जूस पिला अनशन तुड़वाया। मौके पर अमितेश कुमार, धनजी सिंह, धनजी सिंह यादव, शमशाद आलम, जय कुमार राय, भुजंग भूषण, अजीत सिंह, मो नसीम अहम्मद, विपिन बिहारी यादव, ब्रजभूषण सिंह, प्रमोद कुमार, मो साजिद अंसारी, गुड्डू मंसूरी, कमलेश प्रसाद यादव, अनिल कुमार मनोज भगत, कुणाल किशोर,जयप्रकाश शर्मा, गुप्तेश्वर यादव, पुरुषोत्तम गुप्ता, बिहारी कुमार, कमलेश कुमार पांडेय, सुधा कुमारी, निलम कुमारी, पूनम कुमारी, आशुतोष उपाध्याय, संजय कुमार, नग्मा खातून, गिरीश कुमार सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे।

करणी सेना संस्थापक के निधन पर जताया शोक

केसठ। जदयू नेता राजीव सिंह उर्फ सोनू ने करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी के अकास्मिक निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से देश को एक अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भारपाई कर पाना संभव नहीं है। बता दें कि कालवी का जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में लंबे समय से इलाज चल रहा थाा। अस्पताल में इलाज के दौरान ही देर रात कालवी को कार्डियक अरेस्ट हो गया था और इसी के चलते कुछ देर बाद उनका निधन हो गया था।

बृज बिहारी राम बने श्रीधन्वंतरि आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय के प्राचार्य

बक्सर। डॉ बृज बिहारी राम अहिरौली स्थित राजकीय श्री धन्वंतरि आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय के नए प्राचार्य बने है। मंगलवार को नव नियुक्त प्राचार्य ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पूर्व प्राचार्य डॉ वर्मा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश सिंह, डॉ गोपाल पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित नये प्राचार्य का विधिवत स्वागत किया गया तथा उन्हें पदभार ग्रहण कराया गया। वही महाविद्यालय कर्मचारियों ने नवनियुक्त प्राचार्य को फूल माला पहनाकर कर स्वागत सह सम्मान किया। अपने संबोधन में नए प्राचार्य डॉ. बृज बिहारी ने सभी चिकित्सकों को और कॉलेज तथा चिकित्सालय के कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि सबको साथ लेकर आगे बढ़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल तथा कॉलेज की व्यवस्था को और दुरूस्त किया जाएगा। मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराने के लिए लगातार प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही पूर्व के प्राचार्य द्धारा कराये गये कार्यों को पूरा कराया जाएगा। जिससे लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके।

गरीब मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है आयुष्मान भारत योजना

डुमरांव। अनुमंडल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भारत योजना का लाभ गरीब मरीजों को मिल रहा है। यह योजना उनके लिए वरदान सरीखा साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक नवजात के जन्मजात पैर के टेढ़ेपन का सफल इलाज युवा हड्डी रोग विशेषज्ञ डा सुमित सौरभ ने किया है। बता दें कि करीब 45 दिन पहले डुमरांव के पति कुर्मी की गली, छठिया पोखरा निवासी राजू प्रजापति अपने नवजात बच्चें विशाल को लेकर अस्पताल में पदस्थापित हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सुमीत सौरभ के यहां पहुंचे थे। उसका पैर जन्म के समय से ही टेढ़ा था। उन्होंने मरीज के परिजनों को आश्वस्त किया कि बच्चें का पैर कुछ हद तक सीधा हो सकता है। लेकिन इसके लिए प्रत्येक सप्ताह पैर पर प्लास्टर चढ़ाना पड़ेगा। परिजनों की स्वीकृति के बाद उन्होंने इलाज शुरू किया। 45 दिन के इलाज में ही बच्चें का पैर बहुत हद तक सीधा दिखने लगा है। डा. सुमीत सौरभ ने कहां कि 15 दिन का बच्चा को पैर दिखाने के लिए अस्पताल में लेकर आए थे। आज बच्चें को देखकर परिजनों के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है। उन्होंने आगे कहां कि परिजन को सहयोग मिला। इसलिए इलाज संभव हुआ। उन्होंने कहा कि इलाज में लगभग 20-25 हजार का खर्च आता। लेकिन आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज होने से परिजनों को कोई खर्च नहीं देना पड़ा।

रिटायर्ड दारोगा से 9.5 लाख की धोखाधड़ी, तीन लोगों पर केस

केटी न्यूज/डुमरांव

बीएमपी के एक रिटायर्ड दारोगा से जालसाजों ने दो किस्त में कुल 9.5 लाख रूपए की धोखाधड़ी कर ली है। इस मामले में एक बार पुलिस के समक्ष पंचायती भी हुई थी तथा आरोपियों ने कुछ समय की मांग की थी। जिस पर नॉन ज्यूडिसियल स्टांप पर उनका हस्ताक्षर करवा पीड़ित ने उन्हें पुलिस के कहे अनुसार समय भी दिया। बावजूद वे पैसा देने के बदले फरार हो गए है।

पीड़ित नवाडेरा के उमाशंकर सिंह ने डुमरांव थाने में दिए आवेदन में बताया है कि 2017 में रिटायरमेंट के कुछ दिनों बाद ही सिमरी थाना क्षेत्र के मझवारी गांव निवासी रामकुमार सिंह उर्फ रमेश सिंह तथा उनके लड़के चंद्रकांत यादव व बजरंगी यादव उनके घर पहुंचे तथा बताए कि वे लोग दुरासन गांव में बच्चों के भविष्य गढ़ने के लिए जेनिम स्कूल खोल रहे हैं। जिसमें कुछ पैसे की आवश्यकता है। उनके बातों से प्रभावित होकर मैंने घरेलु कार्यो के लिए रखे 1.50 लाख रूपए उन्हें दे दिए। जनवरी 2018 में वे लोग फिर आए तथा मकान लेने की बात कह पैसे की मांग करने लगे और कहा कि दो महीने में आपके सभी पैसे लौटा देंगे। रामकुमार ने पैसे को अपने बेटे चंद्रकांत के देवी कृपा इंटरप्राइजेज कंपनी में डालने को कहा। उनकी बातों पर विश्वास कर मैं आठ लाख रूपए उक्त कंपनी के एकाउंट में डाल दिया। इसके बाद उनलोगों का मोबाईल बंद है।

ओझाबरांव के ठाकुर यादव हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार

♦ डुमरांव एएसपी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी जानकारी
♦ होली की शाम जमीन के टुकड़े को लेकर की गई हत्या

केटी न्यूज/डुमरांव

होली की शाम एक जमीन के टुकड़े को लेकर मुरार थाना स्थित ओझाबरांव गांव में खून की होली खेली गयी थी। हथियार बंद अपराधियों ने दरवाजे पर बैठ होली मिलन कर रहे ठाकुर यादव व उनके भतीजे को गोली मार दी थी। मौके पर ही ठाकुर यादव की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद गांव में जबर्दस्त तनाव था। लेकिन पुलिस ने इसके एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त प्रकाश कुमार पिता मुन्ना यादव ओझा बरांव का ही रहने वाला है तथा घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार किया है। मंगलवार को डुमरांव थाने में एएसपी राज ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी।

घायल के बयान पर नौ लोगों के खिलाफ केस

एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार प्रकाश यादव ने अन्य अपराधियों के साथ मिलकर होली की शाम दरवाजे पर बैठे ठाकुर यादव व उनके भतीजे तथा बाउल यादव के पुत्र राहुल सिंह को गोली मार दी थी। जिसमें ठाकुर की मौत हो गई थी। जबकि राहुल जख्मी है। बाउल यादव के बयान पर नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया था।

एएसपी ने कहा कि पुलिस ने इस घटना को चुनौती के रूप में लिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

केवीके ने काशीपुर एवं पवनी में किया सरसों प्रक्षेत्र दिवस सह गोष्ठी का आयोजन, किसानों को दी गई जानकारी

कम लागत में अच्छी मुनाफा देगी सरसों की फसल : डॉ मंधाता सिंह

केटी न्यूज/बक्सर

मंगलवार को कृषि विज्ञान केन्द्र बक्सर द्वारा सरसों फसल पर एक दिवसीय प्रक्षेत्र दिवस सह किसान गोष्ठी का आयोजन चौसा प्रखण्ड के काशीपुर में किया गया। इस दौरान किसानों को सरसों की प्रजाति पूसा सरसों 30 फसल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। केवीके के डॉ मान्धाता सिंह ने किसानों को इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सरसों की खेती किसानों के लिए काफी फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि अगर वैज्ञानिक तरीके से इसकी खेती की जाये तो कम लागत खर्च में ज्यादा मुनाफे कमाया जा सकता है।

इस दौरान केवीके के कृषि वैज्ञानिक डा मन्धाता ने किसानों को सरसों फसल की बुआई के तरीकों तथा बेहतर समय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को बताया कि अगर 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर के बीच सरसों की बुआई की जाये तो फसल में किसी भी प्रकार के रोग व कीट नहीं लगते है। इस दौरान बोई जाने वाली फसल का उत्पादन दर भी अधिक होता है।

उन्होंने किसानों से कहा कि सरसों की फसल में अगर सल्फर पोषक तत्व 10 किग्रा प्रति एकड़ के दर से प्रयोग किया जाये तो उत्पादन में वृद्धि होती है तथा तेल भी ज्यादा मिलता है। इसके अलावे उन्होंने किसानों को सरसों के खेती संबंधित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी तथा कहा कि यह फसल कम समय में तैयार होने वाला फसल है। इससे तेल के साथ ही पशुचारा, खल्ली आदि भी किसानों को मिल जाता है। इस कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान रामप्रवेश दुबे, अंजू देवी, कलावती देवी ने उपस्थित किसानों को अपना अपना अनुभव साझा किया तथा कृषि वैज्ञानिक मंधाता सिंह की बातों का समर्थन किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने सरसों के खेत का भी निरिक्षण किया तथा खुशी जाहिर की। किसानों ने कहा कि यहा आकर उन्हें काफी अच्छी जानकारियां मिली है। किसानों ने अगले सीजन में वैज्ञानिक पद्धति से सरसों की खेती करने पर सहमति भी जताई। वही प्रगतिशील किसानों ने भी कहा कि अगर खेती को वैज्ञानिक तरीके से की जाये तो किसानों को ज्यादा लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में रामाशीष दुबे, जोखानी देवी, शीतला देवी, दुर्गावती देवी सहित 100 से ज्यादा किसान उपस्थित थे।

गाजीपुर में नकल माफियाओं पर हुई एनएसए की कार्रवाई

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इंटरमीडिएट और हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा में नकल कराने वाले शिक्षा माफिया व अंतर्जनपदीय गिरोह के तीन अभियुक्त सुनील सिंह पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह पता रेहटीमालीपुर थाना दुल्लहपुर, अजीत प्रताप सिंह पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह निवासी रेहटीमालीपुर थाना दुल्लहपुर और ओंकारनाथ सिंह पुत्र हनुमान सिंह पता सरसेना थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ को थाना दुल्लहपुर पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम की संयुक्त टीम द्वारा नकल कराने वाले गिरोह में प्राचार्य, प्रबंधक व फर्जी परीक्षार्थी समेत 14 आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए 13 को गिरफ्तार किया गया था। नकल कराने में गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध 32/23 अंतर्गत धारा 419 420 467 468 471 120बी भादवी व 3 4 7 10 उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 तथा 35 /42 आधार कार्ड अधिनियम 2016 की धाराओं में मुकदमा थाना दुल्लहपुर पर पंजीकृत किया गया।

मेघबरन स्टेडियम करमपुर में युवाओं को मिलेगा वेटलिफ्टिंग का प्रशिक्षण

- जल्द खुलेगा अनौनी के दीक्षा इंटरनेशनल स्कूल में वेटलिफ्टिंग का ट्रेनिंग सेंटर
- अंतर्राष्ट्रीय महिला वेटलिफ्टर स्वाति सिंह के हाल ही में आगमन से तेज हुई हलचल

केटी न्यूज/गाजीपुर

हॉकी, कुश्ती और ताइक्वांडो में राज्य, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ख्याति बटोरने वाला करमपुर गांव का मेघबरन स्टेडियम अब वेटलिफ्टिंग के खेल में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएगा। दीक्षा इंटरनेशनल स्कूल अनौनी में अंतर्राष्ट्रीय महिला वेटलिफ्टर स्वाति सिंह के हाल ही में हुए आगमन से इस बात के संकेत मिले हैं।

यूपी वेटलिफ्टिंग संघ की उपाध्यक्ष व अपने दो दशक के कैरियर में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 24 से भी अधिक पदक जीतने वाली स्वाति सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने उन्हें खेलों इंडिया स्कीम से भी जोड़ रखा है। सरकार की इस मुहिम का हिस्सा बनकर खेल व खिलाड़ियों को प्रेरित करने के क्रम में वह यहां आई हैं। स्कूल के डायरेक्टर आशुतोष सिंह शालू ने कहा कि संस्थान की ताइक्वांडो टीम के बच्चों से मिलकर स्वाति जिस तरह से उनकी हौसला अफजाई की। उसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। हम जल्द ही वेटलिफ्टिंग का प्रशिक्षण सेंटर खोलेंगे।

स्वाति ने जूनियर विश्व पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता है पदक

वर्ष 2004 में दक्षिण अफ्रीका में जूनियर विश्व पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में पहला अंतर्राष्ट्रीय पदक लाने वाली स्वाति ने कहा कि वैसे भी करमपुर का मेघबरन परिवार हॉकी व अन्य खेलों को लेकर काफी मशहूर हो चुका है। ऐसे में दीक्षा इंटरनेशनल स्कूल के विस्तृत कैंपस में वेटलिफ्टिंग जैसे खेल को यदि बढ़ावा दिया जाय, तो इसके खूबसूरत परिणाम सामने आ सकते हैं।

बोले पूर्व सांसद... अब वेटलिफ्टिंग से निखरेगी युवाओं की प्रतिभा

सैदपुर तहसील के अनौनी बाजार स्थित दीक्षा इंटरनेशनल स्कूल में वेटलिफ्टिंग जैसे खेल का प्रशिक्षण सेंटर खोले जाने के सवाल पर मेघबरन स्टेडियम के प्रबंधक व पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह ने कहा कि पूर्वांचल के युवाओं में बड़ी ताकत है। उसे निखारने के क्रम में इस तरह का प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं।

खबरें फटाफट

20 हजार में मकान मालिक की बेटी को दोस्तों के हाथ बेचा

गाजीपुर। नौ दिन पहले कोचिंग जा रही नाबालिग लड़की को अगवा कर अपने दोस्तों के हाथ बेचने एवं बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में चार बाल अपराधी सहित पांच अभियुक्तों को सैदपुर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार 20 हजार रुपया लेकर किशोरी को मुख्य आरोपी ने अपने दोस्तों के हाथों बेच दिया था।

जमीन की खातिर एक की गई जान

मऊ। घोसी थाना क्षेत्र के परवेज पुर गांव में दो पटिदारों की जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि भूपेंद्र पटेल पुत्र स्व. भरत पटेल निवासी परवेज पुर थाना घोसी का अपने ही पटिदार से सोमवार को मारपीट हो गई। इसमें धायल भूपेंद्र पटेल ने दम तोड़ दिया।

ट्रेन से कटकर युवती की मौत

मऊ। छपरा सूरत एक्सप्रेस से कटकर लगभग 18 वर्षीय युवती की दर्दनाक मौत हो गई। मंगलवार को दिन में लगभग 2:30 बजे घटना घटी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कभी मधुमास के दिनों में चैता गाने की थी परंपरा, युवा पीढ़ी के बीच चैता को लेकर उत्साह नहीं

मोबाइल और फूहड़ भोजपुरी गीतों की चकाचौंध में विलुप्त हो रही चैता की परंपरा

- विक्रम संवत के पहले महीने चैत्र को भारतीय पंचांग में वर्ष का माना जाता है पहला महीना
- इस महीने में गाए जाने वाले गीत चैता का अपना अलग महत्व है

तिलक कुमार/बलिया

गांवो में होली के बाद चैत महीने में गाये जाने वाले चैता गीत की परंपरा बदलते समय के साथ विलुप्त होती जा रही है। बता दें कि विक्रम संवत के पहले महीने चैत्र (चैत) को भारतीय पंचांग में वर्ष का पहला महीना माना जाता है। इस महीने में गाए जाने वाले गीत चैता का अपना अलग महत्व है। चैत्र यानी मधुमास के दिनों में खेतों में रबी की पकी हुई फसल और पक चुकीं सरसों की बालियां खलिहानों में पहुंच गई होती हैं। इस मौसम में किसान खेतों के बजाए खलिहानों में ही ज्यादा समय बिताते हैं मधुमास के दिनों में चैता गाने की पुरानी परंपरा है। चैता गीतों को जब ढोलक और झाल की संगत मिलती है, तब लोगों का मन भी झनझना उठता है।

पुराने चैता गाने वाले लोगों का मानना है कि लोक संस्कृति चाहे किसी भी क्षेत्र की हो, उसमें ऋतुओं के अनुकूल गीतों का समृद्ध खजाना होता है। भोजपुरी भाषी क्षेत्र की लोकप्रिय गायन शैली चैता है।

चैत्र मास में गांव के चौपाल में महफिल सजती है और एक विशेष परंपरागत धुन में श्रृंगार और भक्ति रस मिश्रित चैता गीत देर रात तक गाए जाते हैं। चैत महीने में गाए जाने वाले गीत को चैता, चैती कहा जाता है। इस महीने रामनवमी के दिन भक्ति रस में डूबे चैता गीत खासतौर से गाए जाते हैं। चैता के गाने के बुजुर्ग बताते है कि चैता में राम के जन्म को विस्तार से गाने की परिपाटी नहीं है, लेकिन जनकपुर की पुष्प वाटिका में राम-सीता मिलन,सीता स्वयंवर से लेकर राम वनवास और राम द्वारा सीता के निर्वसन का वर्णन चैता के गीतों के माध्यम से किया जाता है। इन गीतों में मुख्य रूप से इस महीने के मौसम का वर्णन भी होता है। चैत महीने को ऋतु परिवर्तन के रूप में जाना जाता है। पतझड़ बीत चुका होता है और वृक्षों और लता में नई-नई पत्तियां आ जाती है। चैत महीने में राम का जन्मोत्सव होने के कारण राम का वर्णन चैता गीतों में तो आता ही है परंतु कई गीतों में कृष्ण और राधा के विरह का भी जिक्र है।

इन गीतों में शिव पार्वती का भी संवाद कर्णप्रिय लगते हैं। रामनवमी के मौके पर ,चैत अयोध्या मे राम जी जनम ले ऐ रामा घरे-घरे'बाजेला आनंद बधईया ऐ राम घरे-घरे' ऐ रामाह्नराम के जनम सुनी भोला बाबा अईले ऐ रामा' ऐ रामा जईबो मे द्वारिका,जल भरी ले आइब ऐ रामा, घुमी-घुमी शिवजी के जलवा चढ़ाइब ऐ रामा घुमी-घुमी' आदि चैता गांवों मे काफी प्रचलित व लोकप्रिय चैता गाया जाता है। चैता गीत को लेकर गांवों में प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाता है। गांवों के बुजुर्ग चैता के जानकारों का कहना है कि चैता में छंद की नहीं,बल्कि लय का कमाल होता है। यह पढ़ने की नहीं,बल्कि सुनने की चीज है। चैता गुनगुनाने की शैली है।

आज के इस नये दौर में गांवों में चैत गाने की परम्परा धीरे-धीरे विलुप्त होती नजर आ रही है। कारण कि आज नयी पीढ़ियों में इसके प्रति रुचि नहीं होना, गांवों से रोजगार के लिए शहर की तरफ पलायन करना व एक दूसरे के साथ प्रेम की कमी न चैत गाने की जानकारी का अभाव पहले के गांव के लोग दिन भर खेतों में काम करके शाम के वक्त एक साथ बैठकर चैत का गायन करते थे साथ इस परम्परा को लेकर काफी उत्साहित रहते थे और एक साथ बैठकर ढोलक झाल लेकर चैत गाया करते थे और आनंद की अनुभूति करते थे। परन्तु अब तो केवल चैत का गायन भोजपुरी गायकों के द्वारा गाये गये,चैत के गीत इन्टरनेट व डीजे आदि साधनों से सुनते हैं। भोजपुरी गायकों के द्वारा गाया गया चैता घर पर सुनने लायक नहीं होते हैं। उसमें इतनी फुहड़ता भरे चैत के गीत होती है, की बड़े बुजुर्गो के साथ नहीं सुना जा सकता है। सब मिलाकर आज के इस बदलते समय के साथ-साथ हर पुरानी परम्परिक गीत, त्यौहार परमपराएं धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है।

एक नजर

समाज के लिए अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कार देने से बढ़ती है राष्ट्रप्रेम की भावना : अयूब मिस्त्री

बलिया। गणतंत्र दिवस पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करने हेतु सूर्योदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बच्चे और बच्चियों का माल्यार्पण कर उनको पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रवादी और वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद अयूब मिस्त्री ने कहा कि समाज और देश के लिए अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कार देने से राष्ट्रप्रेम की भावना बढ़ती है। राष्ट्रीय पर्वों पर जिस तरीके से बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं, यह नन्हे मुन्ने बच्चे आने वाले भारत की बुनियाद हैं, हमें इन्हें सजाकर, बचाकर, निखारकर रखना होगा। यही बच्चे आगे बढ़ कर एक दिन हिंदुस्तान का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर रिटायर्ड जिला संख्या अधिकारी शकील अहमद, एआईएमआईएम पार्टी के पूर्वांचल सचिव कालिका प्रसाद, जिला महासचिव महताब आलम, विद्यालय के प्रधानाचार्य राम जी पांडेय, वरिष्ठ समाजसेवी नियाज अहमद, डॉक्टर यासीन इलाही, वरिष्ठ पत्रकार तिलक कुमार, पत्रकार श्यामजी कुशवाहा, मोहम्मद तनवीर खान, ताजुल इस्लाम, योगेंद्र नाथ ओझा, परमात्मा नंद सिंह, अब्दुल्लाह अंसारी, मोहम्मद मुस्ताक खान, इंजीनियर अख्तर आलम, मुन्ना राम, दीपक कुमार श्रीवास्तव, नसीम अहमद, जटाशंकर प्रसाद, सिराज उल हक, मोना खातून तरन्नुम खातून,महबूब आलम,वामिक खान, सफी खान, मेहंदी खान आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने किया। कार्यक्रम का संचालन व आए हुए अतिथियों के प्रति आभार विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद नसीम खान ने किया।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल

बलिया। नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राय राय हंस के नेतृत्व में नगर के अधिवक्ताओं का

प्रतिनिधिमंडल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मिला इस दौरान काजीपुरा सहित नगर की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए इसका तत्काल निस्तारण कराने की मांग की। पत्रक में उल्लेख किया गया है कि एस०सी० कालेज से जापनिज पुलिस चौकी की सड़क का निमार्ण कर अपूरा छोड़ दिया गया है। तीखमपुर का अधूरा नाला निर्माण गौरव नर्सिंग होम तक करके छोड़ दिया गया है। जिससे वहाँ का सडक हमेशा जलमग्न रहता है. इसका निर्माण पूर्ण न कराने के कारण पर आये दिन सडक हादसे होते रहते हैं. नगरी में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाने के बाद भी छिड़काव नहीं हो रहा है. वर्तमान समय में मौसम में बदलाव के कारण के मच्छरों के प्रजनन में वृद्धि हो रही है. ऐसे में फमिंग जरूरी है. इसमौके पर मनोज कुमार राय ' मनोज कुमार राय, सोनू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में परीक्षा के दौरान नकल करते पकड़े गए छह छात्र

गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में चल रही पूर्वांचल विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के क्रम में मंगलवार को सुबह की पाली में

बीएससी तृतीय सेमेस्टर रसायन विज्ञान एवं सांय की पाली में बीएड की परीक्षाएं सम्पन्न हुई। जिसमें कुल छह परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में 22 बीएड महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सुबह की पाली में रसायन विज्ञान तृतीय सेमेस्टर में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 259 रहे जिसमें सभी उपस्थित रहे और दो नकलची पकड़े गए तथा सायं की पाली में बीएड प्रथम सेमेस्टर द्वितीय प्रश्न- पत्र की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें पंजीकृत 1950 परीक्षार्थियों में 1918 उपस्थित एवं 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बीएड की परीक्षा में कुल चार परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की सूचिता एवं पारदर्शिता को लेकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए परीक्षा विभाग, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संपर्क में है। सूचिता एवं पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षा देने के लिए महाविद्यालय परिसर के गेट से घुसते समय छात्र-छात्राओं को किसी भी तरीके के किसी अनुचित साधन का प्रयोग न करने की हिदायत दी जा रही है। आंतरिक उड़का दल के सदस्य के रूप में प्रोफे०(डॉ०) एस. डी. सिंह परिहार, प्रोफे० (डॉ०) एस.एन. सिंह, प्रोफे० (डॉ०) अरूण कुमार यादव, प्रोफे०(डॉ०) रविशंकर सिंह, डॉक्टर बद्रीनाथ सिंह, डॉक्टर अनुराग सिंह, डॉक्टर आर.पी.सिंह, डॉक्टर शिप्रा श्रीवास्तवा आदि उपस्थित रहे।

अगजनी में सात मवेशी झुलसे, तीन की मौत

केटी न्यूज/मनियर बलिया

अगजनी की घटना में 4 परिवारों की कुल मिलाकर करीब आधा दर्जन मवेशी झूलस गये।घटना सोमवार के दिन करीब 9:00 बजे रात्रि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनियर थाना क्षेत्र के रानीपुर (उसरा पर) राम जन्म राजभर पुत्र स्वर्गीय कपिल राजभर के झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई ।आग की लपटें विकराल रूप धारण कर आशा देवी पत्नी अशोक राजभर, शिव कुमार राजभर पुत्र शिव जन्म राजभर एवं अक्षय कुमार राजभर पुत्र शिव जन्म राजभर की झोपड़ी को भी चपेट में ले लिया। झोपड़ी में बंधी रामजन्म राजभर की 2 भैंस व एक गाय बुरी तरह से झुलस गई जिसमें एक भैंस की तत्काल मौत हो गई शिवकुमार राजभर की चार बकरी झूलस गई जिसमें दो बकरी की मौत हो गई एवं दो बकरी झुलसने से घायल है ।चारों लोगों को मिलाकर करीब आधा दर्जन झोपड़िया जलकर राख हो गई तथा उसमें रखा गया सारा सामान जलकर भस्म हो गया। फायर ब्रिगेड को ग्रामीणों ने सूचना देने का प्रयास किया लेकिन नंबर नहीं लगा। 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी गई जो मौके पर पहुंची । अगले दिन सुबह क्षेत्रीय लेखपाल नवनीत खरवार ने आकर मौके का निरीक्षण किया ।जे सी वी से गड्ढा खोद वाकर भैंस को गड़वाया गया।

164 गांवों में हुए कार्यों की रिपोर्ट देने का निर्देश

केटी न्यूज/बलिया

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। डीपीआरओ को निर्देश दिए कि शौचालय निमार्ण के लिए 12 हजार रुपये प्रथम, द्वितीय किस्तों में भुगतान किया गया है। इसकी रिपोर्ट तुरन्त डीडीओ, बीडीओ के हस्ताक्षर से आख्या प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही कितने शौचालय निर्माण हुआ और कितना बनना शेष है उसकी रिपोर्ट सभी एसडीएम के माध्यम से उपलब्ध कराने को कहा। शौचालय की देखभल करने के लिए स्वयं सहायता समूहों को कार्य सौंपा गया था। उसकी शासनादेश उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। 164 राजस्व गांवों में हुए कार्यों की रिपोर्ट एसडीएम पोर्टल पर अपलोड नहीं हुआ है, उसको तुरंत अपलोड करने के निर्देश दिए। 41 गंगा ग्राम पंचायतों में कार्य नहीं हुआ है उसका बजट बिना अनुमति के वापस करने पर और कैश बुक कंपलीट न होने की दशा में डीपीआरओ को कड़ी फटकार लगाई और सख्त निर्देश दिया कि कैशबुक एक सप्ताह के अंदर पूरा करने को कहा। साथ ही गंगा ग्राम पंचायतों में जो कार्य हुआ है बीडीओ, एडीओ पंचायत के माध्यम से सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

आज से बलिया जिले के 10 कालाजार से प्रभावित ब्लॉक में कालाजार रोधी सिंथेटिक पायराथ्राईड का किया जाएगा छिड़काव

कालाजार से बचाव के लिए आस-पास रखें सफाई, करें मच्छरदानी का प्रयोग: नीलोत्पल

केटी न्यूज/बलिया

जनपद में कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा एवं मुरली छपरा मे मंगलवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में आशा, सुपरवाइजर और छिड़काव दल को प्रशिक्षित किया गया। जिले में कालाजार से प्रभावित 10 ब्लॉकों में कालाजार रोधी सिंथेटिक पायराथ्राईड का छिड़काव 15 मार्च से किया जाएगा। इस छिड़काव से गंदगी और दरारों में पनपने वाली चमकीली मक्खी जिसे बालू मक्खी के नाम से भी जाना जाता हैं, को खत्म किया जा सकेगा।

प्रशिक्षण में सहायक जिला मलेरिया अधिकारी नीलोत्पल कुमार ने बताया कि कालाजार एक जानलेवा रोग है जो बालू मक्खी के काटने से फैलता है। यह मक्खी ग्रामीण क्षेत्रों में मकान की दरारों में पायी जाती है। इससे बचाव के लिए घर के आसपास साफ-सफाई एवं मच्छरदानी का प्रयोग किया जाना जरूरी है। वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक ताज मोहम्मद ने बताया कि किसी व्यक्ति को 15 दिन से अधिक बुखार आना, भूख नही लगना, रोगी में खून की कमी, रोगी का वजन घटना, रोगी की त्वचा का रंग काला होना आदि कालाजार के लक्षण हो सकते हैं। इसका सबसे मुख्य लक्षण त्वचा पर धब्बा बनना है।

वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक कृष्ण कुमार पाण्डेय ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति में यह लक्षण पाए जाएं तो तत्काल आशा के माध्यम से अपने नजदीक के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला चिकित्सालय पर जांच कराकर पूरा इलाज कराएं। सहायक मलेरिया अधिकारी सुजीत कुमार ने बताया कि यह बीमारी एक बार ठीक होने पर लापरवाही न करें। यह बीमारी एक बार ठीक होने पर दोबारा से शुरू हो सकती है। इसलिए चिकित्सक की सलाह बेहद जरूरी है।

जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि जिले के 10 ब्लॉकों मुरली छपरा, कोटवा, रेवती, हनुमानगंज, दुबहर, सोहाव, चिलकहर, मनियर, बांसडीह, पंदह में कालाजार का छिड़काव होगा। इन ब्लॉकों के 34 ग्राम सभाओं मे छिड़काव होना है। जिले में जनवरी 2022 से अब तक कालाजार के 14 मरीज मिले जिसमें 5 वीएल (बुखार वाला कालाजार) के रोगी एवं 9 पीकेडीएल (चमड़ी वाला कालाजार) के रोगी है। प्रशिक्षण के उपरांत छिड़काव दल द्वारा घरों मे छिड़काव का पूर्वाभ्यास भी किया गया। इस अवसर पर कोटवा ब्लॉक के वी बी डी नोडल राकेश कुमार, पाथ संस्था के आर एन टी डी ओ डॉ० अबू कलीम, पाथ के जिला समन्वयक नीतीश कुमार आदि उपस्थिति रहे।